सच्चाई के दम पर जोश के साथ...

प्रधान संपादकः रतन प्रकाश सिंह

www.swarajindianews.com

swarajindianews swarajindianews

दैनिक सांध्यकालीन

# स्वराज इंडिया

कानपुर, बुधवार, 05 नवंबर, 2025
वर्षः 02, अंकः 294, पृष्ठः 8+4, मूल्यः ₹ 2/-

इनसाइड कोडीन युक्त सिरप बेचने पर दो पर मुकदमा दर्ज... » Pg03

बच्चों को दुलारते सीएम योगी



## मुख्तार की जमीन पर बने फ्लैटों के आवंटन पर गरजे योगी

# यूपी में माफिया का अब यही हाल होगा

### 72 लाभार्थियों को सौंपी चाबियां, बोले- यह उन लोगों के लिए संदेश है जो माफिया को अपना शागिर्द बनाते हैं... उनकी कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ते हैं

## माफियागिरी अब नहीं चलेगी

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज इंडिया।

लखनऊ। यूपी की राजधानी लखनऊ में आज सीएम योगी आदित्यनाथ ने आवंटियों को घर की चाबी सौंपी। माफिया मुख्तार अंसारी की जब्त की गई जमीन पर ये फ्लैट बनाए गए हैं। फ्लैटों की चाबी आवंटन कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने आवासीय परिसर में वृक्षारोपण किया। 10 लाभार्थियों को सीएम योगी ने अपने हाथ से चाबी दी है। कुल 72 आवंटियों को चाबियां सौंपी गई हैं। मंत्री सुरेश खन्ना, दिनेश शर्मा कार्यक्रम में मौजूद रहे। आवंटन पत्र वितरण और सरदार वल्लभभाई पटेल आवासीय योजना के उद्घाटन के






अवसर पर सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित कर कहा- यह तो बस शुरुआत है।

सीएम योगी ने इस मौके पर कहा कि मेरा सौभाग्य है कि आज कार्तिक पूर्णिमा पर मैं जरूरतमंदों को आवास आवंटियों को चाबी सौंप रहा हूं। सौभाग्य है कि लखनऊ में एक कुख्यात माफिया के अतिक्रमण से मुक्त कराई गई जमीन पर बने मकानों के आवंटन के इस अवसर पर उपस्थित हूं। ये केवल एक कार्यक्रम नहीं है बल्कि संदेश है कि गरीब की, व्यापारी की, सार्वजनिक संपत्ति पर या सरकारी भूमि पर किसी माफिया ने या अपराधी ने कब्जा किया तो उसका यही हाल होगा जो यहां और प्रयागराज में किया गया है। जब माफिया से जमीन खाली होगी तो गरीबों का आशियाना बनेगा। ये माफियाओं को अपना शागिर्द बनाने वालों को संदेश है। उनको संदेश है जो माफिया की कब्र पर फातिहा पढ़ते हैं, जो माफिया को गले लगाकर गरीबों का शोषण करते और करवाते हैं। यूपी में अब नहीं कर पाएंगे।

उन्होंने कहा कि इस प्राइम लोकेशन पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 10.70 लाख में फ्लैट दिए, इसकी कीमत बाजार में करीब 1 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि यूपी में सरकार बनाते ही पहले दिन तय किया था कि उत्तर प्रदेश की छवी बदलने के लिए माफिया के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करना होगा। माफिया के खिलाफ बिना रुके-बिना झुके कार्रवाई की है। जो अब भी माफिया के साथ सहानुभूति रख रहे हैं उनसे कहूंगा अपने पैर पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं। जिस भाषा में जो समझता था उसे वैसे ही समझाया जा रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि ये माफिया समर्थकों के लिए एक संदेश है कि राज्य अब गरीबों का शोषण करने वाली अवैध भूमि हड़पने की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आपराधिक तत्वों से भूमि वापस लेने और जरूरतमंदों को आवास प्रदान करने के एक दृढ़ प्रयास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 8000 आवेदनों में 5700 आवदेन योग्य लोगों का था, इसमें से 72 को पहले आवंटन मिला है। यह तो सिर्फ शुरुआत है।

### बड़ों को गृहप्रवेश का सामान, बच्चों को दुलार और चॉकलेट

मुख्यमंत्री ने लाभार्थी परिवारों से मुलाकात की, उन्हें गृह प्रवेश का सामान भेंट किया, नन्हीं बच्चियों को गोद में लेकर दुलार किया और चॉकलेट बांटी। इस दौरान आवास परिसर में सीएम योगी ने वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने लोगों को कार्तिक पूर्णिमा की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज लाखों श्रद्धालु गढ़मुक्तेश्वर, टिकरी, सुखतीर्थ, बदायूं, प्रयागराज, काशी, अयोध्या में स्नान कर पुण्य लाभ ले रहे हैं। इस पावन अवसर पर लखनऊ में माफिया से मुक्त भूमि पर लाभार्थियों को आवास देना सौभाग्य है।

## दर्दनाक हादसा

## सीएम योगी ने किया मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये देने का ऐलान

# चुनार स्टेशन पर कालका मेल से कटकर छह लोगों की मौत



» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज इंडिया ब्यूरो।

मिर्जापुर। कार्तिक पूर्णिमा पर यूपी के मिर्जापुर जिले में सुबह-सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां चुनार स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आकर आधा दर्जन श्रद्धालु कट गए हैं। ये श्रद्धालु प्रयागराज-चोपन पैसेंजर से प्लेटफार्म नंबर चार पर उतरकर प्लेटफार्म नंबर तीन पर जा रहे थे। रेल लाइन को इस तरह से पार करने की कोशिश के दौरान वे हावड़ा-कालका मेल की चपेट में आ गए। ट्रेन की चपेट में आकर श्रद्धालुओं के टुकड़े हो गए। पुलिस ने रेलवे ट्रैक पर बिखरे शवों के टुकड़ों को इकट्ठा किया और शिनाख्त कराई। अब प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को 2-2 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है।

सुबह सवा नौ बजे के करीब यह हादसा हुआ। ट्रेन से कटने वालों में सभी महिलाएं और लड़कियां हैं। इनमें से पांच मिर्जापुर और एक श्रद्धालु सोनभद्र जिले के करमा थाना क्षेत्र की रहने वाली थीं। सभी चोपन प्रयागराज पैसेंजर से चुनार स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर उतर कर रेलवे ट्रैक से नगर की तरफ जा रहे थे। इसी बीच पीडीडीयू नगर जंक्शन से मिर्जापुर की तरफ जा रही कालका मेल की चपेट में आ गए। देखते ही देखते सभी श्रद्धालु ट्रेन से टुकड़े में कट गए। हादसे की जानकारी होते ही चुनार स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। जीआरपी चौकी चुनार और आरपीएफ के सिपाही तुरंत मौके पर पहुंचे। वे रेलवे लाइन पर बिखरे शव के टुकड़ों को एकत्रित करने में जुट गए।

मिर्जापुर जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र के कमरिया गांव निवासी सविता (उम्र 28 वर्ष) पत्नी राजकुमार, साधना पुत्री विजय शंकर (उम्र 16 वर्ष), शिवकुमारी पुत्री विजय शंकर (उम्र 12 वर्ष), अंजू पुत्री श्याम प्रसाद (उम्र 20 वर्ष), पडरी निवासी सुशीला देवी (उम्र 60 वर्ष) पत्नी स्वर्गीय मेवालाल और सोनभद्र के करमा थाना क्षेत्र के बसवा गांव निवासी कलावती देवी (उम्र 21 वर्ष) पत्नी जनार्दन चोपन प्रयागराज पैसेंजर से चुनार स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर उतरे थे।

पुलिस के मुताबिक फुटओवर ब्रिज की बजाय सभी श्रद्धालु रेलवे ट्रैक पार कर तीन नंबर प्लेटफार्म पर जा रहे थे। इसी बीच पीडीडीयू जंक्शन की तरफ से मिर्जापुर जा रही तेज रफ्तार कालका मेल आ गई। ट्रेन की चपेट में आने से सभी श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हो गई।

# जयपुरिया स्कूल के विद्यार्थियों ने सीखी ब्राण्ड प्रमोशन और डिजिटल मार्केटिंग की बारीकियाँ

## बरासिया एडवरटाइजिंग कानपुर में दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो

**कानपुर। युवा पीढ़ी को आधुनिक बिजनेस और मार्केटिंग तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से बरासिया एडवरटाइजिंग ने अपने सिविल लाइन्स स्थित कार्यालय में दो दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के लगभग 40 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यशाला में ब्राण्ड प्रमोशन, डिजिटल मार्केटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिजनेस प्रमोशन, फाइनेंस एवं वेल्थ मैनेजमेंट जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक जानकारी दी।**



इस अवसर पर बतौर वक्ता अंतरराष्ट्रीय बिजनेस कोच अजय सिंह, एआई एक्सपर्ट मनु गोयल, मोहनी चाय के निदेशक दिनेश अग्रवाल, अवोक इंडिया के डायरेक्टर प्रवीन द्विवेदी तथा बरासिया एडवरटाइजिंग के युवा उद्यमी भरत बरासिया उपस्थित रहे।

अजय सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप स्वयं की उन्नति किए बिना अपने व्यवसाय को आगे नहीं बढ़ा सकते। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में स्वयं को समय के साथ ढालना जरूरी है।

मनु गोयल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि भविष्य उन्हीं का है जो तकनीक के साथ खुद को लगातार अपडेट करते रहें।

दिनेश अग्रवाल ने कहा कि किसी भी ब्राण्ड की सफलता उसकी गुणवत्ता पर निर्भर करती है। उपभोक्ता का विश्वास ही असली पूंजी है।

भरत बरासिया ने विद्यार्थियों को डिजिटल युग की दिशा में बढ़ते भारत की तस्वीर दिखाते हुए कहा कि एआई के माध्यम से युवा न केवल शिक्षा में निपुण बन रहे हैं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भी योगदान दे रहे हैं।

प्रवीन द्विवेदी ने फाइनेंस और वेल्थ मैनेजमेंट के माध्यम से आर्थिक अनुशासन का महत्व समझाया और छात्रों को भविष्य की वित्तीय योजना बनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में बरासिया एडवरटाइजिंग की निदेशक नीतू बरासिया ने सभी वक्ताओं और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जयपुरिया स्कूल के छात्रों ने जिस गंभीरता और अनुशासन के साथ सहभागिता की, वह सराहनीय है। यह कार्यशाला निश्चित रूप से उनके करियर मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण साबित होगी।

यह कार्यशाला छात्रों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रही, बल्कि उन्हें आधुनिक बिजनेस जगत की चुनौतियों से निपटने की दिशा में एक नई दृष्टि भी प्रदान की।

# केस्को अफसरों की लापरवाही पर हाईकोर्ट सख्त

## » केस्को एमडी व अधिशासी अभियंता को कोर्ट ने किया तलब



WRIC )-[22116/2025]
[ Diary/Token No.: 13484572025 ]
Generated on : 05-11-2025 at 09:58:53 am

| | | |
|---|---|---|
| Filing No. | CIVIL/2/135889/2025 | Filing Date : 05-07-2025 |
| CNR | UPHC0332585332025 | Date of Registration : 09-07-2025 |

Case Status

| | |
|---|---|
| First Hearing Date | 14th July 2025 |
| Next Hearing Date | |
| Stage of Case | As Fresh |
| Coram | |
| Bench Type | Division Bench |
| Causelist Type | Fresh List |
| State | UTTARPRADESH |
| District | KANPUR NAGAR |

Petitioner/Respondent and their Advocate(s)

| Petitioner | Respondent |
|---|---|
| 1. NAGENDRA SINGH GAUTAM Advocate - RAVI SAHU(A/R1184/2012 ),SANJAY KUMAR RAI(A/S1477/2022 ) | 1. STATE OF UP AND 2 OTHERS 2. MANAGING DIRECTOR, ELECTRICITY SUPPLY COMPANY LIMITED 3. EXECUTIVE ENGINEER, SWARN JAYANTI VIHAR KESCO |

» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो

**कानपुर। उपभोक्ता की शिकायत पर कार्रवाई न करने और न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करने पर केस्को अधिकारियों पर कानूनी शिकंजा कस गया है। विद्युत कनेक्शन आदेश के बावजूद उपभोक्ता को कनेक्शन न देने के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने केस्को के प्रबंध निदेशक (एमडी) और अधिशासी अभियंता को व्यक्तिगत रूप से तलब किया है।**

**जानकारी के अनुसार, अधिवक्ता नागेंद्र सिंह गौतम ने उपभोक्ता की ओर से याचिका दाखिल कर विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने और मानसिक व आर्थिक क्षति के लिए मुआवजा देने की मांग की थी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान अधिकारियों की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई और 4 नवंबर 2025 को दोनों अधिकारियों को तलब किया था।**

हालांकि निर्धारित तिथि पर कोई भी अधिकारी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ। इस गैरहाजिरी को अदालत ने गंभीरता से लिया है और अगली सुनवाई में सख्त कार्रवाई के संकेत दिए हैं।उपभोक्ताओं का कहना है कि केस्को की लापरवाही और ढीले प्रशासनिक रवैये के चलते आम जनता को परेशानी झेलनी पड़ रही है। अदालत की सख्ती के बाद अब उम्मीद जताई जा रही है कि बिजली विभाग अपनी जिम्मेदारी समय पर निभाएगा।

# अतीक का किला ढहाने वाले आईपीएस करेंगे ऋषिकांत की जांच

» सांसद डिंपल यादव ने की सीबीआई जांच की मांग

स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो

**कानपुर । कानपुर में माफिया अतीक अहमद के बेटे का मुठभेड़ के दौरान एनकाउंटर करने वाले आईपीएस रमित शर्मा निलंबित सीओ ऋषिकांत शुक्ला मामले की जांच करेंगे। वह वर्तमान में एडीजी जोन बरेली हैं। वर्दी की आड़ में 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति अर्जित करने के आरोप में रविवार रात ऋषिकांत को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ विजिलेंस और विभागीय जांच शुरू हो गई है।**





विभागीय जांच की अगुवाई रमित शर्मा को दी गई है। मूलरूप से हापुड़ के रहने वाले रमित 1999 बैच के आईपीएस हैं। वह प्रयागराज कमिश्नरी के पहले कमिश्नर भी रहे हैं।अधिवक्ता अखिलेश दुबे प्रकरण की जांच कर रही एसआईटी ने ऋषिकांत के पास 100 करोड़ से ज्यादा की संपतियां होने के आरोपों की जांच की थी। इसमें से करीब 92 करोड़ रुपये की 12 संपतियों के बारे में एसआईटी को साक्ष्य मिल गए थे।

### ऋषिकांत के पैनकार्ड का इस्तेमाल हुआ था

साथ ही एसआईटी को तीन ऐसी संदिग्ध संपतियां भी मिलीं थीं, जिन्हें खरीदने में ऋषिकांत के पैनकार्ड का इस्तेमाल हुआ था। इन्हीं संपतियों की रिपोर्ट के आधार पर ही तत्कालीन सीपी अखिल कुमार ने 10 और 15 सितंबर को डीजीपी व सीएम को पत्र भेजे। इसके अनुसार ऋषिकांत कानपुर में वर्ष 1998 से 2006 तक तथा दोबारा दिसंबर 2006 से वर्ष 2009 तक नियुक्त रहे।

### सांसद डिंपल यादव ने की सीबीआई जांच की मांग

मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव ने मामले में कहा कि जिनसे न्याय मिलना चाहिए, वहीं अब लूट और सत्ता संरक्षण का हिस्सा बन गए हैं। भाजपा राज का मतलब भ्रष्टाचार है। सरकार ने ईमानदार अधिकारियों को दरकिनार करते हुए सत्ता से नजदीकी रखने वालों को तैनाती दे रखी है। मामले की सीबीआई जांच की मांग की। जरूरत पड़ी, तो संसद में भी वह इस बात को उठाएंगी।



# नवीन गंगा पुल पर भीषण जाम,लगी वाहनों की कतार

» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो

कानपुर । यातायात पुलिस द्वारा भारी वाहनों के डायवर्जन और प्रतिबंध के बावजूद, कई कमर्शियल वाहनों के शुक्लागंज कस्बे में प्रवेश करने से नवीन गंगा पुल पर भीषण जाम लग गया। इससे गंगा स्नान करने आए श्रद्धालुओं को भारी परेशानी हुई।शुक्लागंज में यातायात पुलिस द्वारा कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान के चलते उन्नाव से आने वाले सभी भारी वाहनों को प्रतिबंधित करते हुए रोक लगा दी गई थी। वहीं, जो भी वाहन कानपुर की ओर जा रहे थे। उ न्हें सहजनी तिराहा से ट्रांस गंगा सिटी गंगा बैराज एवं मरहला चौराहे से आजाद मार्ग होकर जाजमऊ से निकाला गया इसके बावजूद भी कई बड़े भारी वाहन शुक्लागंज कस्बे में प्रवेश करते हुए गुजरे। वहीं, कानपुर की ओर रोक न होने के कारण भी ई-बस, मिनी डीसीएम, लोडर आदि बड़े कमर्शियल वाहनों का चलना आज सुबह जारी रहा। इससे नवीन गंगा पुल पर भीषण जाम लग गया। इस बीच गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी दिक्कतें रहीं।

# कोडीन युक्त सिरप बेचने पर दो पर मुकदमा दर्ज

## कल्याणपुर और रायपुरवा थाने में औषधि विभाग ने दर्ज कराई रिपोर्ट

» एडीएम सिटी बोले, नशीली दवाओं के विरूद्ध पर चलता रहेगा अभियान

» विभाग के रडार में कई और बडी मेडिकल फर्म और दुकाने

» प्रमुख संवाददाता स्वराज इंडिया

कानपुर। नशीली और नकली दवाइयां बेचने वालों पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। औषधि विभाग ने कल्याणपुर स्थित मेसर्स एएस हेल्थकेयर के प्रोपराइटर विकास तिवारी और बालाजी मेडिकल स्टोर रायपुरवा के प्रोपराइटर सुमित केसरवानी के खिलाफ संबंधित थानों में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। वहीं दो और मेडिकल स्टोर्स पर एफआईआर को तहरीर दिए जाने की तैयारी विभाग कर रहा है। एडीएम सिटी डॉक्टर राजेश कुमार ने बताया कि नकली और नशीली दवाओं के विरूद्ध अभियान लगातार चलते रहेगा। लोगों के जीवन से खिलवाड बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अफसरों ने बताया कि कोडीन युक्त सिरप बेचने वालों के खिलाफ छापेमार कार्रवाई की जा रही है। बीते रोज जिन मेडिकल स्टोर्स के पास से यह सिरप मिले या बिक्री की जानकारी हुई उनपर


स्वराज इंडिया
कानपुर सिटी
नशीली और मिलावटी दवाओं का गढ़ बनता जा रहा कानपुर
तीन महीनों में तीन शिकायतों पर हुई बड़ी कार्रवाई

मुकदमा दर्ज किए जाएंगे। संबंधित थानों में उक्त मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस धारकों के खिलाफ तहरीर दी गई है। शासन की ओर से कोडीन युक्त सिरप बेचने वालों को पकडने की कार्रवाई की जा रही है। बीते रोज औषधि विभाग ने सूचना के आधार पर कई मेडिकल स्टोर्स पर छापेमार कार्रवाई की थी। यहां से कोडीन युक्त सिरप के क्रय विक्रय के अभिलेख मिले थे। देवनगर अनवरगंज स्थित बालाजी मेडिकल स्टोर के प्रोपराइटर सुमित केसरवानी के खिलाफ औषधि विभाग ने थाना रायपुर में रिपोर्ट दर्ज करने को तहरीर दी है।

**खबर का बड़ा असर**

**इनपर भी दर्ज हो सकता मुकदमा**

लालबंगला के ओमपुरवा स्थित प्लाट नंबर 82 में आरएस हेल्थकेयर के प्रोपराइटर अनमोल गुप्ता और बिरहाना रोड स्थित एसजीपीएस फार्मास्टूकिल्स के प्रोपराटर विक्की लालवानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।

**पिछले हफ्ते भी हुई थी बड़ी कार्रवाई**

पिछले सप्ताह ड्रग विभाग ने लगातार छापेमारी अभियान चलाया था। इसके तहत महाराजपुर थाने में रोहन पचौरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं, फिलखाना थाना क्षेत्र में बिरहाना रोड स्थित पायल अग्रवाल और राहुल अग्रवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

इसमें बताया गया कि 12 अक्टूबर को विभाग की टीम जब मेडिकल स्टोर पहुंची तो बंद थी। प्रोपराइटर को फोन मिलाया और बात हुई, लेकिन वह नहीं आया। इसपर दुकान को सील कर दिया गया। 13 अक्टूबर को ड्रग इंस्पेक्टर और पुलिस बल के साथ प्रोपराइटर ने दुकान को खोला गया तो यहां कोडीन युक्त 2100 बोतल सिरप एल्प्राजोलम की दस हजार से अधिक टेबलेट मिलीं। इस संबंध में सुमित केसवानी कोई क्रय विक्रय अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। लाइसेंस की आड में एनडीपीएस श्रेणी की दवाओं को खरीदा बेचा जा रहा है। इसपर रिपोर्ट दर्ज की है।

**कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज**


कल्याणपुर के केशवपुरम स्थित आवास विकास में मेसर्स एएस हेल्थकेयर कि लाइसेंस धारक विकास तिवारी में औषधि विभाग की टीम ने 15 अक्टूबर को छापा मारा।

यहां ड्रग इंस्पेक्टर ने जब दस्तावेज खंगाले तो पता चला नशीली दवाईयों का विक्रय किया जा रहा है। अतः उक्त के क्रम प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान प्रकाश में आया कि फर्म के लेजर स्टाक रजिस्टर में कोडीन युक्त कफ सीरप Phencypik-T सीरप 100ml की 2595 बोतल, Phencypik-TP सीरप 100ml की 4900 बोतल, Alprazolam युक्त Calmpik 0.5 tab. की 12,30000 टेबलेट एवं Itracent-P Tab. की 5,62800 टेबलेट, दर्ज पाई गई, परन्तु मौके पर उक्त औषधियों का भौतिक सत्यापन करने पर दोनो औषधियों फर्म में मौजूद नहीं पाई गई। उक्त से स्पष्ट होता है कि विकास तिवारी पुत्र अजय तिवारी निवासी 133/पी/227, रत्तु पुरवा टीपी नगर, कानपुर नगर द्वारा मेसर्स ए.एस. हेल्थकेयर के औषधि लाइसेन्स की आड में फर्जी तरीके से Alprazolam, Codeine युक्त औषधि का विक्रय किया गया। इसपर लाइसेंस धारक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# बेखौफ शोहदों ने युवती को कार में घसीटने का किया प्रयास

» दो आरोपी पुलिस की गिरफ्त में, अन्य आरोपियों की तलाश

» सामान लेने निकली थी युवती, शोहदों ने पीछा कर किया हमला



» प्रमुख संवाददाता /स्वराज इंडिया

कानपुर। पनकी थाना क्षेत्र के रतनपुर इलाके में कार सवार शोहदों ने रात में घर से सामान लेने निकली युवती को पकड़कर जबरन कार में खींचने की कोशिश की। युवती के शोर मचाने पर इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे स्वजन के सामने ही शोहदों ने अभद्रता और गाली-गलौज की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो आरोपितों को हिरासत में ले लिया जबकि बाकी आरोपी मौके से फरार हो गए।

रतनपुर निवासी महिला ने बताया कि उनकी 19 वर्षीय पुत्री रात करीब साढ़े आठ बजे जनरल स्टोर से सामान लेने निकली थी। तभी कार सवार युवक उसका पीछा करते हुए आए और पकड़ने की कोशिश की। घबराई युवती ने तुरंत घर फोन कर घटना की जानकारी दी। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी युवक दोबारा गाड़ियों से लौटे और धमकी देने लगे। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पनकी इंस्पेक्टर मनोज भदौरिया ने बताया कि दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। पुलिस के मुताबिक, यह वही युवक हैं जिनकी हरकतों की शिकायत युवती ने कुछ दिन पहले भी की थी।



# कार से जाकर चोरी करने वाला गिरोह बिठूर पुलिस के हत्थे चढ़ा

» चार आरोपी फरार, पकड़े गए तीन शातिरों के पास कई मोबाइल, तमंचा व कार बरामद

» प्रमुख संवाददाता /स्वराज इंडिया

कानपुर। बिठूर पुलिस ने मोबाइल दुकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि गिरोह के चार अन्य सदस्य अभी फरार हैं।

पुलिस ने पकड़े गए

आरोपियों के पास से चोरी के मोबाइल फोन, नगदी, अवैध असलहा और घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है।

डीसीपी पश्चिम दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि 29 अक्टूबर को मधना निवासी अंकित दीक्षित ने अपनी दुकान से मोबाइल फोन, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और 40 हजार रुपये चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर बिठूर पुलिस और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ब्लू वर्ल्ड तिराहे के पास से तीन आरोपियों गोपाल उर्फ टक्कल, हरिश्चंद्र वर्मा और शिवम वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से पांच मोबाइल फोन, 1600 नगद, एक तमंचा, एक कारतूस और स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की है। पूछताछ में सामने आया कि गिरोह अलग-अलग राज्यों में दुकानों को निशाना बनाता था। डीसीपी ने बताया कि मुख्य आरोपी गोपाल उर्फ टक्कल के खिलाफ पहले से सात आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह कानपुर का निवासी है, जबकि अन्य दोनों आरोपी हमीरपुर के रहने वाले हैं। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीम दबिश दे रही है।

# नानामऊ-खेरेश्वर पर उमड़ा जन सैलाब, प्रशासन अलर्ट

## कार्तिक पूर्णिमा: घाटों पर आस्था का संगम, श्रृद्धालुओं की भीड़

» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो।

**बिल्हौर (कानपुर)। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंगलवार को बिल्हौर क्षेत्र के प्रमुख घाटों नानामऊ, आकिन और खेरेश्वर घाट पर आस्था का महासंगम देखने को मिला। गंगा स्नान और दीपदान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सुबह होते ही घाटों पर उमड़ पड़ी। खेरेश्वर घाट पर तो श्रद्धालु रात में ही पहुंचने लगे थे, जिससे देर रात से ही घाट क्षेत्र में चहल-पहल शुरू हो गई थी।**





हर हर गंगे के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। एसीपी अमरनाथ यादव, थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज और हल्का प्रभारी पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमण पर रहे। घाटों पर बैरिकेडिंग, लाउडस्पीकर और गोताखोरों की व्यवस्था की गई। प्रशासन ने गहरे जल में न उतरने की चेतावनी जारी की और सतर्कता बरतने की अपील की।

तहसील प्रशासन की ओर से भी चाक-चौबंद व्यवस्था रही। बिल्हौर सर्किल के सभी प्रमुख घाटों पर लेखपालों की ड्यूटी लगाई गई। खेरेश्वर घाट पर नायब तहसीलदार रंजीत यादव, लेखपाल ईशा शुक्ला, प्रदीप पांडे और राजेश दुबे तैनात रहे। वहीं तहसीलदार अनुभव चंद्र, एसडीएम संजीव दीक्षित और एसीपी अमरनाथ यादव ने विभिन्न घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे संयम और सावधानी बरतें तथा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# बिल्हौर में शुरू हुई धान खरीद

## पहली आवक पर किसान दिवारी का हुआ सम्मान



» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो।

**बिल्हौर (कानपुर)। खरीफ विपणन वर्ष 2025 के तहत मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत मंगलवार को उपजिलाधिकारी बिल्हौर की उपस्थिति में शिवराजपुर स्थित विपणन शाखा केंद्र पर धान खरीद का औपचारिक शुभारंभ किया गया। सरकार की किसान हितैषी नीतियों के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाने के निर्देशों के साथ यह खरीद प्रारंभ हुई।**

इस दौरान ग्राम सैलहा, ब्लॉक शिवराजपुर के किसान दिवारी लाल ने अपनी उपज के 30 कुंतल धान की बिक्री कर जनपद में प्रथम धान विक्रेता बनने का गौरव प्राप्त किया। उनके द्वारा बेचे गए धान का भुगतान ई-पॉप (ई-पॉप) प्रणाली के माध्यम से तत्काल कराया गया।

धान की प्रथम आवक पर किसान देवारी लाल का अभिनंदन करते हुए उपजिलाधिकारी संजीव दीक्षित ने कहा कि शासन की मंशा है कि हर किसान को उसकी उपज का पूरा मूल्य समय से और पारदर्शी तरीके से मिले। उन्होंने यह भी बताया कि सभी क्रय केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

अधिकारियों ने बताया कि खरीद केंद्रों पर किसानों के लिए पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था तथा तौल सुविधा सुनिश्चित की गई है। सरकार की प्राथमिकता है कि इस बार धान खरीद अभियान पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ संपन्न हो, ताकि किसान खुशहाल हों और प्रदेश आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में अग्रसर हो सके।

# सांसद की पहल से अन्नदाताओं में जगी उम्मीद की किरण





» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो।

**बिल्हौर (कानपुर)। बेमौसम बारिश से तबाह हुई फसलों के बीच अब किसानों को राहत की आस बंधी है। मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के सांसद अशोक कुमार रावत ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर प्राकृतिक आपदा राहत कोष से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की है।**

सांसद ने अपने पत्र में बताया कि हाल के दिनों में हुई अनियमित वर्षा ने कानपुर नगर और आसपास के इलाकों में खरीफ फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। खेतों में धान, उरद और अरहर की फसलें जलभराव के कारण सड़ गईं, वहीं शुरुआती बुवाई के दौरान आलू का बीज भी नष्ट हो गया, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति डगमगा गई है। बिल्हौर तहसील क्षेत्र में भी बारिश का असर व्यापक रूप से देखने को मिला, जहां कई गांवों के खेतों में लंबे समय तक पानी जमा रहने से फसलें चौपट हो गईं।

सांसद रावत की इस पहल से किसानों के चेहरों पर उम्मीद की चमक लौट आई है।स्थानीय किसानों का कहना है कि यदि सरकार जल्द मुआवजा योजना लागू करती है, तो रबी फसल की तैयारी में उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। अब सबकी निगाहें सरकार के अगले कदम पर टिकी हैं।

# बिल्हौर की अनुश्री अवस्थी बनीं चार्टर्ड अकाउंटेंट

## परीक्षा उत्तमीर्ण कर किया नाम रोशन, परिवार और क्षेत्र में दौड़ी खुशी की लहर





» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो।

**बिल्हौर (कानपुर)। कस्बे की अनुश्री अवस्थी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) परीक्षा पास कर बिल्हौर का नाम रोशन किया है। अनुश्री अपने परिवार की पहली सदस्य हैं जिन्होंने यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनकी सफलता से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।**

### उपलब्धि

अनुश्री, सेवानिवृत्त जेलर श्याम दुलारे अवस्थी की पोती और पत्रकार अनुराग अवस्थी व प्रभा अवस्थी की पुत्री हैं। उन्होंने इंटरमीडिएट में कॉमर्स विषय से 95 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। उसी समय उन्होंने सीए बनने का लक्ष्य तय किया था। अनुश्री ने बताया कि यह सफर आसान नहीं था, लेकिन परिवार के सहयोग और अपनी मेहनत से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने कहा, मैंने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान दिया। सफलता के लिए आत्मनियंत्रण और मेहनत सबसे ज़रूरी है।

उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और ईश्वर को दिया। अनुश्री ने कहा कि संयुक्त परिवार में मिले संस्कार और बड़ों का आशीर्वाद हमेशा उन्हें सही राह दिखाता रहा है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, शिक्षकों और क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सम्पादकीय

# अमीरों की समृद्धि में भी भारी वृद्धि

उदारीकरण व वैश्वीकरण के दौर के बाद पूरी दुनिया में आर्थिक असमानता अपने चरम पर जा पहुंची है। एक तरफ लोग मूलभूत सुविधाओं के अभाव में सड़कों पर उतर रहे हैं तो दूसरी ओर अमीर से और अमीर होते लोगों की विलासिता के किस्से तमाम हैं। जिस बात की पुष्टि स्वतंत्र विशेषज्ञों के जी-20 पैनल द्वारा किए एक अध्ययन के निष्कर्षों में की गई है। इस अध्ययन के अनुसार, वर्तमान में वैश्विक स्तर पर असमानता भयावह स्तर तक जा पहुंची है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2000 और 2024 के बीच दुनिया भर में बनी नई संपत्तियों का बड़ा हिस्सा दुनिया के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों के पास है। जबकि निचले स्तर की आधी आबादी के हिस्से में एक प्रतिशत ही आया है। निस्संदेह, भारत भी इस स्थिति में अपवाद नहीं है। देश के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों ने केवल दो दशक में अपनी संपत्ति में 62 फीसदी की वृद्धि की है। दुनिया की इस चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अमीर लगातार अमीर होते जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गरीब गुरबत के दलदल से बाहर आने के लिए छटपटा रहे हैं। इस आर्थिक असमानता का ही नतीजा है कि अमीर व गरीब के बीच संसाधनों का असमान वितरण और बदतर स्थिति में पहुंच गया है। निस्संदेह, पैनल की हालिया रिपोर्ट नीति-निर्माताओं को असमानता के इस बढ़ते अंतर को पाटने के तरीके तलाशने और नये साधन खोजने के लिये प्रेरित करेगी। पिछले ही हफ्ते, केरल सरकार ने दावा किया था कि राज्य ने अत्यधिक गरीब तबके की गरीबी का उन्मूलन कर दिया है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने इन दावों को लेकर संदेह जताया है। वहीं दूसरी ओर राज्य के विपक्ष ने भी इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। लेकिन इसके बावजूद राज्य में जन-केंद्रित विकास और सामुदायिक भागीदारी के लाभों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। निस्संदेह, इस पहल ने हजारों अत्यंत गरीब परिवारों को भोजन, स्वास्थ्य सेवा और आजीविका के बेहतर साधनों तक पहुंचने में मदद की है ।इसमें दो राय नहीं कि यदि सरकारें वोट बैंक की राजनीति से इतर ईमानदारी से पहले करें तो गरीबी उन्मूलन की दिशा में सार्थक पहल की जा सकती है। चुनाव से पहले मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की तेजी से बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। यह एक हकीकत है कि कोई भी सुविधा मुफ्त नहीं हो सकती। इस तरह की लोकलुभावनी कोशिशों से राज्यों का वित्तीय घाटा ही प्रभावित होता है। जिसकी कीमत लोगों को विकास योजनाओं से दूर रहकर ही चुकानी पड़ती है। जनता को मुफ्त में सुविधाएं देने के बजाय ऋण व अनुदान से उत्पादकता बढ़ाकर उन्हें स्वावलंबी बनाना होगा। प्रत्येक चिन्हित गरीब परिवार के लिए सूक्ष्म योजनाएं तैयार करना और उन्हें क्रियान्वित करना उचित होगा।केंद्र सरकार ने अपने काम के लिये खुद की पीठ भी थपथपाई थी। हालांकि, गरीबी के अनुमानों की रिपोर्टिंग की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाये गए थे। निर्विवाद रूप से सभी हितधारकों को यह तथ्य समझना होगा कि केवल संख्याएं ही पूरी तस्वीर को नहीं उकेर सकती हैं। गरीबी कम करने के प्रयासों के दावों के मुताबिक जमीनी स्तर पर गुणात्मक बदलाव नजर भी आना चाहिए। हालांकि, अर्थशास्त्री आमतौर पर संपत्ति कर लगाने के पक्षधर नहीं होते हैं।

# हैवी लिफ्ट अंतरिक्ष प्रक्षेपण के दरवाज़े खुले

**अब इसरो के आगामी कार्यक्रमों में मार्च, 2026 तक सात अंतरिक्ष मिशनों को पूरा करने की योजना है, जिसमें गगनयान कार्यक्रम के तहत पहला मानव रहित परीक्षण शामिल है। इसके अलावा, इसरो 2040 तक चंद्रयान मिशन को पूरा करने, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने और भविष्य के लिए डॉकिंग जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों को विकसित करने पर काम कर ही रहा है।**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 2 नवंबर को, भारतीय नौसेना के लिए जीसैट-7आर का प्रक्षेपण करके अपनी दक्षता को एक बार फिर से साबित किया है। दक्षता इसलिए क्योंकि देश के सबसे शक्तिशाली रॉकेट लॉन्च व्हीकल मार्क-3 (एलवीएम-3) का इसमें इस्तेमाल हुआ था, जिसकी भार वहन क्षमता मोटे तौर पर 4000 किलोग्राम की थी, पर उसने जिस उपग्रह का प्रक्षेपण किया, उसका भार 4,410 किलोग्राम था। भारतीय धरती से प्रक्षेपित यह अब तक का सबसे भारी संचार उपग्रह है।

इसे हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षित, मल्टी-बैंड संचार लिंक प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना के उपयोग के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है। यह उपग्रह पोतों, पनडुब्बियों और विमानों के बीच आवाज, डेटा और वीडियो लिंक के लिए संचार नेटवर्क का काम करेगा। मुख्य मिशन के रूप में इसका काम समुद्री सुरक्षा और निगरानी है। यह पुराने जीसैट-7 (रुक्मिणी) की जगह लेगा, जो 2013 से सेवा में है। जीसैट-7 और जीसैट-7ए देश के समर्पित सैन्य संचार उपग्रह हैं। दिसंबर 2018 में प्रक्षेपित जीसैट-7ए, मुख्यत: वायुसेना के लिए डिज़ाइन किया गया है। थलसेना आंशिक रूप से इसकी लगभग 30 प्रतिशत क्षमता का उपयोग करती है।हमारे संचार उपग्रह अपेक्षाकृत भारी होते हैं। इसरो की कोशिश होती है कि एक ही उपग्रह में व्यापक कवरेज, उच्च शक्ति और लंबी सेवा अवधि का मेल हो। पूरे देश और आसपास के समुद्रों की कवरेज के लिए, संचार पेलोड को कई आवृत्ति बैंडों में कई चैनलों की आवश्यकता होती है। इसके लिए कई बड़े एंटेना, उच्च-शक्ति एम्प्लीफायर, वेवगाइड, फ़िल्टर, स्विच कई एनालॉग ट्रांसपोंडरों या लचीले डिजिटल प्रोसेसर की आवश्यकता होती है।

करीब 12 से 15 साल तक कई किलोवाट बिजली की आपूर्ति के लिए, उपग्रहों में बड़े सौर पैनल, पर्याप्त बड़ी बैटरियां और पावर कंडीशनिंग इकाइयां होती हैं।

# जंगल राज से मंगल राज तक, जाति है कि जाती ही नहीं

## वर्तमान समय में बिहार की राजनीति के तीन महारथी हैं जद (यू), राजद और भाजपा



### बिहार चुनाव-2025

**बिहार एक पुण्य भूमि, तपोभूमि, ज्ञानियों की भूमि, विद्वानों की भूमि, आंदोलनकारियों की भूमि, विचार सर्जकों की भूमि, परिवर्तन की भूमि। परिवर्तन तो प्रकृति का नियम है। वर्ष 1917 के चंपारण किसान आंदोलन से वर्ष 1973 के छात्र आंदोलन तक देश के लिए तमाम परिवर्तनों और आंदोलनों की शुरुआत की यह भूमि कई दशक तक जाति, वर्ग, धर्म, संप्रदाय विचार के सतत संघर्ष की भी भूमि रही। इसी पुण्य भूमि में स्थित भागलपुर में हुए दंगे की दुखद स्मृतियां आज भी झकझोरती रहती हैं, टीसती रहती है। तमाम उथल-पुथल, तमाम टकराव, तमाम अंतर्द्वंद्व के बाद भी बिहार आज तक अनगिनत वाद से ग्रसित है। आज भी यहां जाति अंतर्द्वंद, संघर्ष और चुनावी गणित का सबसे बड़ा कारक बनी हुई है।**



निर्मल तिवारी स्वराज इंडिया

बिहार की इसी जातीय भावना ने जहां एक और लालू यादव के कुशासन को निरंतरता की अनुमति दी, जिसे दो दशक बीत जाने के बाद भी न केवल जंगल राज का विशेषण प्राप्त है बल्कि यह प्रासंगिक भी है। वहीं दूसरी ओर तमाम घोटालों में फंसने के बाद भी लालू परिवार को सत्ता से हटाने के लिए एक जातीय समीकरण या कहें जातीय चक्रव्यूह की आवश्यकता पड़ी, जिसकी काट लालू एंड कंपनी के पास नहीं थी।

दो दशक तक निर्बाध सरकार चलाने वाले नीतीश कुमार की पहचान सुशासन बाबू से ऊपर अति पिछड़ों कुर्मी समाज का निर्विवाद नेता के रूप में भी है। बिहार में जाति कितना मायने रखती है।

इसे आप इस तथ्य से भी समझ सकते हैं कि भाजपा के साथ लगातार दो बार चुनाव जीतने के बाद 2015 में जब नीतीश कुमार और लालू यादव मिलकर चुनाव लड़ते हैं तो परिणाम इन्हीं के पक्ष में आता है। वह भी उसे दौर में जब नरेंद्र मोदी की लहर पूरे देश में मौजूद थी, लेकिन बिहार में नहीं चल पाई। बिहार में जातीय समीकरण के सहारे वर्तमान समय में राजनीति के तीन महारथी हैं राजद , भाजपा और जदयू।

## वर्ग से उप वर्ग और फिर हर जाति का अपना नायक

बिहार का जनमानस अनेकों जातियों, वर्गों में बंटा हुआ है। सामान्य, पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, महा दलित जैसे तमाम जातीय बंटवारे बिहार की सरजमीं और राजनीति में स्पष्ट दृष्टिगोचर होते रहे हैं। विकास बिहार का हुआ हो या ना हुआ हो या राष्ट्रीय मानकों से कम या ज्यादा ही क्यों ना हुआ हो लेकिन विसंगति यह भी है कि जातिगत भावना मात्र सामान्य, पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, महा दलित, से आगे विकास करके जातिवार इकाइयों तक पहुंच रही है। भाजपा के ऊपर सामान्य वर्ग की अनुआई का ठप्पा तो राजद के पास पिछड़ों के नायक का टैग और जदयू के हाथों में अति पिछड़ों के खेवनहार का तमगा पहले से चस्पा है। चिराग पासवान दलित के हिमायती की छवि का मुकुट धारण करे हुए ही हैं। इसके बाद की स्थिति बिहार में बढ़ रहे जातीय विघटन के भाव को परिलक्षित करती है। जहां मुकेश सहनी मल्लाह जाति के नायक हैं , उपेन्द्र कुशवाहा अपनी बिरादरी के झंडाबरदार हैं और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी महा दलित का स्वयं को खेवनहार मानते हैं? भाजपा के विरोध को कटिबद्ध अल्पसंख्यक समाज के विषय में जहां माना जाता है वह राजद के साथ मजबूती से खड़ा रहता है वहीं अल्पसंख्यक थोड़ी संख्या में ही सही जदयू के पक्ष में भी पहुंच ही जाता है। फिलहाल बिहार में जाति और वर्ग संघर्ष का हिंसात्मक चेहरा 80 और 90 के दशक की तरह नजर नहीं आता लेकिन जातीय विद्वेष का भाव सर्वत्र नजर आता है।

# मोतीझील में 'वाहे गुरु' की स्वर लहरियां लंगर छकने को एक साथ बैठे श्रद्धालु

## राग़ी जत्थों के शबद-कीर्तन से गूंजी श्रीगुरु नानक देव जी की महिमा

» मुख्य समारोह में सुबह से शाम तक दो लाख श्रद्धालुओं ने छका लंगर

» प्रमुख संवाददाता / स्वराज इंडिया







कानपुर। जित्थे बाबा पैर धरे, पूजा आसन थापन सोआ इन पवित्र शब्दों के साथ जब रागी जत्थों ने गुरु नानक देव जी महाराज की महिमा का बखान किया तो मोतीझील का वातावरण भक्तिरस में डूब गया। गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर श्री गुरु सिंह सभा लाटूश रोड की ओर से आयोजित दो दिवसीय धार्मिक दीवान में भारी संख्या में संगत ने हिस्सा लिया। श्रद्धालु हाथ जोड़कर, आंखें मूंदे, वाहे गुरु के नाम का जाप करते हुए भाव-विभोर नजर आए।

सुबह से ही मोतीझील परिसर में संगत का आना शुरू हो गया। पालकी पर विराजमान गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेकने और आशीर्वाद लेने का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। भाई भूपिंदर सिंह गुरदासपुरी ने 'धन–धन गुरु नानक समदर्शी' का गायन किया तो भाई सुरिंदर सिंह, भाई मोहन सिंह और भाई जसकरन सिंह ने 'मेरे साहिबा कौन जाने गुण तेर' जैसे शबदों से संगत को निहाल कर दिया। दरबार साहिब अमृतसर के हजूरी रागी भाई सतनाम सिंह ने 'कहो नानक सब तेरी वाडियाई' कीर्तन से श्रद्धालुओं की आंखें नम कर दीं। बच्चों ने भी मंच पर शबद कीर्तन कर वातावरण को और पवित्र बना दिया।ज्ञानी डॉ. मनप्रीत ने गुरमत विचारों के माध्यम से संगत को बताया कि गुरु नानक देव जी ने अंधकार से मानवता को निकालकर प्रेम, एकता और सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रधान हरविंदर सिंह लार्ड, सुखविंदर सिंह भल्ला लाडी, हरमिंदर सिंह लोंगोवाल, मीतू सागरी, दया सिंह गांधी, सुरिंदर सिंह चावला समेत कई प्रमुख सेवादार उपस्थित रहे।बुधवार को मोतीझील में मुख्य समारोह होगा, जहां सुबह से ही गुरुवाणी कीर्तन, विचार और विशाल लंगर की सेवा चलेगी। लंगर प्रभारी देवेंद्र सिंह टीटू सागरी के अनुसार इस बार करीब दो लाख संगत ने लंगर छका। पंजाब से लाई गई ऑटोमैटिक रोटी मशीन से हर घंटे 4,500 रोटियां तैयार की जा रही हैं। सेवा में जुटे हजारों सेवादार लंगर में सेवा दे रहे हैं। वाहे गुरु के नाम की गूंज के बीच पूरा मोतीझील परिसर भक्ति और सेवा की भावना से सराबोर रहा।

# झाड़-फूंक के बहाने महिला से गैंगरेप, 10 दिन तक बंधक बनाकर की दरिंदगी

» आरोपियों ने इटावा ले जाकर किया दुष्कर्म, महिला जेवर भी लूट लिए

» पीड़िता का आरोप चार दिन थाने में रखकर पुलिस ने आरोपियों को छोड़ा



» स्वराज इंडिया न्यूज़ ब्यूरो

कानपुर देहात। रसूलाबाद थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां संतान प्राप्ति का लालच देकर एक महिला को बंधक बनाकर 10 दिनों तक गैंगरेप किया गया। आरोपियों ने महिला को यह कहकर अपने साथ इटावा ले गए कि वहां एक बाबा है जो झाड़-फूंक कर संतान की प्राप्ति करा देगा। महिला का आरोप है कि इटावा पहुंचने पर उसे एक कमरे में बंद कर आरोपियों ने कई दिनों तक दुष्कर्म किया।

विरोध करने पर उसे धमकाया गया और उसके जेवर भी उतार लिए गए। किसी तरह मौका पाकर महिला वहां से भाग निकली और रसूलाबाद थाने पहुंची।

पीड़िता का कहना है कि उसने पुलिस को घटना की पूरी जानकारी दी, जिस पर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा भी, लेकिन चार दिन बाद उन्हें छोड़ दिया।

महिला ने पुलिस पर आरोपियों से साठगांठ का आरोप लगाते हुए कानपुर देहात के उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

फिलहाल मामला रसूलाबाद थाना क्षेत्र का है और अधिकारी स्तर पर जांच की बात कही जा रही है। ग्रामीणों ने भी मांग की है कि पीड़िता को न्याय दिलाया जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।



# अंतर्जनपदीय पुलिस वॉलीबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता शुरू

## तीन दिन चलने वाली प्रतियोगिता में कई जिलों के पुलिसकर्मी लेंगे भाग

» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो

**कानपुर देहात। जनपद कानपुर देहात के पुलिस लाइन ग्राउंड में कानपुर जोन की 27वीं अंतर्जनपदीय पुलिस वॉलीबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ फीता काटकर उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र हरीश चंदर ने बुधवार को पुलिस लाइन कानपुर देहात में किया।**





तीन दिन तक चलने वाली यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों में उत्साह और ऊर्जा भर रही है।

इसका उद्देश्य पुलिस बल में खेल की भावना,अनुशासन, टीमवर्क एवं शारीरिक दक्षता को प्रोत्साहित करना है। इस मौके पर आईपीएस हरीश चंदर ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत करता है

अपितु मानसिक दृढ़ता नेतृत्व क्षमता एवं अनुशासन का भी एक मजबूत कदम है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी और प्रतियोगिता के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा भी की। इस मौके पर जनपद के जिलाधिकारी कपिल सिंह, पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पांडेय, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

पहले दिन के खेल में पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर, कानपुर देहात ,इटावा, कन्नौज, औरैया,फतेहगढ़, झांसी, जालौन और ललितपुर की टीमों ने भाग लिया।

# रूरगांव में विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के लिए हुई प्रतियोगिता



स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो

**कानपुर देहात। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा की तैयारी को ध्यान में रखते हुए विश्वास मिश्रा एवं धर्मेंद्र कुमार की ओर से गोपाल गार्डन, रूरगांव में परीक्षा तैयारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विषयवार प्रश्न हल करने के साथ-साथ बोर्ड परीक्षा की तैयारी से जुड़ी महत्वपूर्ण टिप्स दी गईं। प्रतियोगिता संयोजक विश्वास मिश्रा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों के अंदर छुपी प्रतिभा को सामने लाना और उन्हें आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए बेहतर रूप से तैयार करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता से विद्यार्थी अपनी तैयारी का आत्ममूल्यांकन कर सकेंगे और जो कमियाँ रह गई हैं, उन्हें सुधारने का अवसर मिलेगा।

प्रतियोगिता में शिक्षक साथियों सतीश चंद्र मिश्र, धर्मेंद्र कुमार, रोहित कुमार, आशुतोष शुक्ला, विशाल मिश्रा, आशीष, पंकज, अरिदमन सिंह, ललित मिश्रा, राम शरण सिंह, धर्मेंद्र सिंह, विनय, असद अली, रिसब अली, रक्षेश यादव और बलजीत यादव का सहयोग रहा।कार्यक्रम में तीन साइकिल को पुरस्कार स्वरूप रखा गया है। परिणाम तिथि एवं पुरस्कार वितरण की तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी कॉलेज कानपुर से डॉ. प्रतिभा मिश्रा, डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी एवं एडवोकेट अवधेश दीक्षित उपस्थित रहेंगी।



जुबानी जंग

जिला पंचायत की बैठक में

# टकराए सांसद और पूर्व सांसद, पूरे प्रदेश में चर्चा

» राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के पति पूर्व सांसद अनिल शुक्ला और भोले के टकराव से विकास कार्यों पर पड़ रहा बुरा असर

## वर्चस्व की जंग में उलझी बीजेपी, आगामी पंचायत चुनावों पर पड़ सकता है असर



»प्रमुख संवाददाता स्वराज इंडिया

कानपुर देहात। अकबरपुर में मंगलवार को हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में हुआ हंगामा सिर्फ टकराव नहीं, बल्कि भविष्य की राजनीतिक रणनीति का संकेत माना जा रहा है। बैठक के दौरान सांसद देवेंद्र सिंह भोले और पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी के बीच हुई तीखी बहस ने न केवल जिले की प्रशासनिक बैठक को बाधित किया, बल्कि पार्टी के अंदर चल रही वर्चस्व की खींचतान को भी उजागर कर दिया।

पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी ने विभागों में हो रहे विकास कार्यों की पारदर्शिता पर सवाल उठाए, जिसे सांसद भोले सिंह ने राजनीतिक प्रपंच बताते हुए बीच में टोक दिया। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच कड़े शब्दों में बहस शुरू हो गई। स्थिति इतनी गरमाई कि डीएम को बैठक तत्काल स्थगित करनी पड़ी।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह घटना आगामी पंचायत और निकाय चुनावों से पहले बीजेपी के लिए एक चेतावनी संकेत है। अकबरपुर क्षेत्र में दोनों नेताओं के समर्थकों का मजबूत जनाधार है, और इस टकराव ने संगठन के भीतर गुटबाजी की झलक दे दी है।

सूत्रों के अनुसार, वारसी गुट विकास योजनाओं में स्थानीय स्तर पर जवाबदेही और पारदर्शिता की मांग पर जोर दे रहा है, जबकि भोले गुट इसे राजनीतिक महत्वाकांक्षा का हिस्सा मान रहा है। नतीजतन, इस रणनीतिक खींचतान के बीच विकास कार्यों की रफ्तार थमती नजर आ रही है।अगर यह विवाद लंबा चला, तो पार्टी को न केवल जनता के बीच छवि का नुकसान उठाना पड़ सकता है, बल्कि विपक्ष को भी राजनीतिक बढ़त का मौका मिल सकता है। हालांकि, पार्टी सूत्र यह भी मानते हैं कि यदि संगठन समय रहते दोनों नेताओं को एक मंच पर लाने में सफल रहा, तो यह टकराव भविष्य में रणनीतिक एकता और शक्ति प्रदर्शन में भी बदल सकता है।

कुल मिलाकर, दिशा की बैठक में हुआ यह हंगामा केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि राजनीतिक मोर्चे पर भी बड़ा संदेश छोड़ गया है कि विकास की दिशा अब राजनीति की दिशा पर निर्भर करेगी।

## भोले बोले, मैं सबसे बड़ा हिस्ट्रीशीटर



जिला पंचायत में दिशा की बैठक हुए बवाल के बाद सांसद देवेंद्र पांडे सिंह भोले सिंह ने एक मीडिया से बात करते हुए कहा कि अनिल शुक्ला वारसी का मैने बैठक में सम्मान किया इसके बाद भी लगातार तनाव पैदा करमाहौल खराब कर रहे हैं। उनको पता होना चाहिए मैं जिले का सबसे बड़ा हिस्ट्रीशीटर हूं मेरा नाम पुलिसरिकॉर्ड में पहले से ही दर्ज है, इस लिए हमें धमकाने का प्रयास न किया जाए।

## बीजेपी से बगावत करना चाहते हैं अनिल शुक्ला वारसी!



अकबरपुर रनियां विधानसभा से सदर विधायक प्रतिभा शुक्ला योगी आदित्यनाथ सरकार में राज्य मंत्री हैं। उनके पति अनिल शुक्ला वारसी भी बीजेपी से जुड़े हुए हैं लेकिन कुछ सालों में देखा जाए तो वारसी लगातार बगावती तेवर अपनाए हुए हैं। एसपी मूर्ति के कार्यकाल में आम जनता की तरह धरना दिया, अकबरपुर के तत्कालीन इंस्पेक्टर सतीश कुमार सिंह को हटवाने के लिए वारसी के साथ राज्य मंत्री ने भी धरना प्रदर्शन किया। इसके अलावा तमाम ऐसे मौके आए जब वारसी के तेवर बहुत ही बदले नजर आए इससे पार्टी को भी काफी असहज का सामना करना पड़ा। सूत्रों का दावा है कि जिस तरह से वारसी राजनीति कर रहे हैं ऐसे में आने वाले समय में वह अन्य दल में शामिल हो सकते हैं। वह अकबरपुर लोकसभा से चुनाव लड़ना चाहते हैं लेकिन अभी फिलहाल बीजेपी में उनके लिए इसकी कोई संभावना नहीं है इस लिए वो दूसरे दल शामिल होकर अपने मंसूबे पूरे कर सकते हैं।

# परिषदीय विद्यालयों की बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम

## » अनंतापुर खेल मैदान में हुई प्रतियोगिता में प्रतिभाशाली बच्चों का किया गया सम्मान

» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो



कानपुर देहात। मलासा विकास खंड की ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता मंगलवार को अनंतापुर गांव के खेल मैदान में सम्पन्न हुई। परिषदीय स्कूलों की बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ मलासा ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख स्वतन्त्र पासवान ने दीप प्रज्वलित कर किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी आनन्द भूषण ने कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का बैच लगाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। ब्लॉक प्रमुख स्वतन्त्र पासवान ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो पाना संभव है।

प्रतियोगिता के दौरान प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के बालक,बालिकाओं ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।दौड़ स्पर्धाओं में प्राथमिक स्तर बालक वर्ग 50मीटर दौड़ में प्राथमिक विद्यालय अंडवा के अंश ने प्रथम, 100 मीटर दौड़ में मुड़ेरा के अनिकेत तथा 200मीटर की दौड़ में हारामऊ के सोमिल अव्वल रहे।प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग 50 मीटर, 100 मीटर तथा 200 मीटर की दौड़ में प्राथमिक विद्यालय बहमनौती की निहारिका ने परचम लहराया। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग कबड्डी में छतेनी ने अंडवा को पराजित कर बाजी मारी। प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग कबड्डी में गौरीकरन ने मुड़ेरा को हराया।उच्च प्राथमिक बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में उच्च प्राथमिक विद्यालय मुड़ेरा के मनोज ने प्रथम स्थान जबकि 200मीटर दौड़ में किशोरपुर के भानु प्रताप, 400मीटर की दौड़ में भी किशोरपुर के भानु प्रताप तथा 600मीटर की दौड़ में बरौर के आशीष अव्वल रहे।जूनियर बालिका वर्ग की 100मीटर दौड़ में मुड़ेरा की प्रत्याशी प्रथम, 200मीटर दौड़ में हारामऊ की दुर्गा, 400मीटर दौड़ में हारामऊ की आशिका, 600मीटर की दौड़ में बहमनौती की शिफा ने प्रथम स्थान पर बाजी मारी।जूनियर स्तर बालक वर्ग कबड्डी में यू पी एस बरौर ने यू पी एस हरामऊ को पराजित किया।जूनियर स्तर बालिका वर्ग कबड्डी स्पर्धा में मुड़ेरा ने हरामऊ को हराकर ट्रॉफी जीती।उच्च प्राथमिक स्तर गोला फेक में किशोरपुर के भानु प्रताप ने प्रथम स्थान पाया। जूनियर बालिका वर्ग गोला फेक में मलासा की सैवी ने परचम लहराया।उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग खो खो में बरौर ने पचलक को हराकर बाजी मारी तथा बालिका वर्ग खो खो में मुड़ेरा ने गुरूगांव को हराकर खिताब जीता।प्रतियोगिता के समापन अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी आनन्द भूषण ने सभी विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।क्रीड़ा प्रतियोगिता का कुशल संचालन शिक्षक महेन्द्र पाल ने किया। इस मौके पर नीतू कटियार जिला व्यायाम शिक्षिका, योगेन्द्र द्विवेदी, कुलदीप सैनी,वीरेन्द्र विक्रम सिंह,अश्वनी कटियार,देवेंद्र सचान,सर्वेश कटियार,इंद्रजीत यादव,यजुवेंद्र सचान,लोकेंद्र नाथ गौतम,मनोज मिश्रा, विष्णु गुप्ता, जितेन्द्र सिंह, रजनीश सक्सेना, अविनाश सचान, मुख्तार अहमद, गणेश अवस्थी, रोहित यादव, देवेंद्र सिंह, वी पी सिंह, अनूप तिवारी, उदय यादव,गजेन्द्र गुप्ता, राजकुमार, गुरुप्रसाद, अमर सिंह, नीरा सचान, रेनू सचान, रीना कटियार , सुचित्रा, निवेदिता श्रीवास्तव, रंजना सचान, सुहानी सचान, अर्चना आदि शिक्षक शिक्षिकाएं तथा सैकड़ों छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# दुर्वासा आश्रम ओर माता मुक्तेश्वरी घाट पर लगाई आस्था की डुबकी



» कार्तिक पूर्णिमा मेले में पुलिस प्रशासन की चप्पे-चप्पे पर रही कड़ी नजर

» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो

कानपुर देहात। विकास खंड मलासा के निगोही गांव के समीप स्थित दुर्वासा ऋषि आश्रम घाट और मूसानगर के मुक्तेदेवी घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर में भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई।

इधर मंदिरों में देव दीपावली पर दीये जलाए गए। कार्तिक पूर्णिमा (बुड़की) बुधवार को मनाई गई। भोर में ही नदी घाट पर श्रद्धालु पहुंच गए। यहां नदी पर डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने दुर्वासा आश्रम और सिद्ध पीठ माता मुक्तेश्वरी मंदिर पर माथा टेका। मंदिर प्रांगण में लगे मेले में महिलाओं ने घरेलू जरूरत का सामान भी खरीदा। कई श्रद्धालुओं ने नदी स्नान के बाद सूर्य को अर्घ्य देकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद माता मुक्तेश्वरी के दर्शन कर दान किया।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस पवित्र स्नान से पापों का नाश होता है और पुण्य मिलता है। इस दिन घाटों पर भक्तों की भारी भीड़ देखी गई, जो भक्ति और उत्सव के माहौल में डूबे हुए थे। गंगा नदी के तट पर श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाकर मोक्ष और पुण्य की कामना करते हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना देवी द्वारा हर्षिता प्रिंटर्स 127/875, साकेत नगर, कानपुर नगर- (उप्र) से मुद्रित व 119/13, दर्शनपुरवा, कानपुर नगर- 208012 (उप्र) से प्रकाशित। संपादकः अनूप कुमार RNI No.: UPHIN/2023/86769 | Email: swarajindia2023@gmail.com | Mob: 7800009853, | Website: www.swarajindianews.com | (समस्त वाद-विवाद कानपुर न्यायालय के अधीन होंगे)

# कानपुर में कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का सैलाब

» प्रमुख संवाददाता /स्वराज इंडिया

**कानपुर। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर कानपुर में गंगा तटों पर श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। भोर से ही श्रद्धालु परिवार संग घाटों की ओर रवाना हो गए और सूर्योदय से पहले मां गंगा के पवित्र जल में डुबकी लगाई। बिठूर, सरसैया, गंगा बैराज, परमट, मैस्कर और भगवत दास घाट पर हर-हर गंगे के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मां तुलसी की पूजा की और भगवान विष्णु की आराधना कर दान दिया।**

## » भोर से ही गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़, 'हर-हर गंगे' से गूंजा आसमान

## » बिठूर से सरसैया तक भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी, दान-पुण्य में डूबा दिन



मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने से सभी पाप नष्ट होते हैं और भगवान विष्णु की कृपा से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। पुराणों के अनुसार बारह पूर्णिमाओं में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस दिन गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा और कृष्णा जैसी पवित्र नदियों में स्नान कर जप, तप और दान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।बिठूर के ब्रह्मावर्त घाट से लेकर सरसैया घाट तक भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। कहीं महिलाएं दीप जलाकर पूजन करती दिखीं तो कहीं बच्चे और बुजुर्ग गंगा तट पर परिवार संग प्रसाद और लइया का आनंद लेते नजर आए। ब्रह्मावर्त घाट पर ब्रह्मा खूंटी के दर्शन के लिए लंबी कतारें लगीं।

बिठूर में चुंगी से लेकर घाटों तक सख्त सुरक्षा व्यवस्था रही, वहीं सरसैया घाट पर भी जेल रोड से आगे वाहनों का प्रवेश रोककर श्रद्धालुओं को पैदल जाने दिया गया। घाट किनारे सजी दुकानों पर श्रंगार, खिलौने और प्रसाद की खरीदारी करते लोगों में उत्साह झलक रहा था।पूरे दिन श्रद्धा और आस्था का यह पर्व गंगा किनारे लोक आस्था और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम बन गया।

# गेहूं बीज खरीदने को केंद्रों पर किसानों की लगी लंबी लाइन

## » फार्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को प्राथमिकता दी जा रही



बीज वितरण केन्द्र के बाहर अपनी बारी का इंतज़ार करते किसान

» प्रमुख संवाददाता /स्वराज इंडिया

कानपुर देहात। खरीफ की फसल की कटाई के बाद अब रवि की फसल की बुवाई का कार्य जल्द शुरू होना है। जिसको लेकर गेहूं खरीद को लेकर उप संभाग कृषि प्रसार अधिकारी कार्यालय रसूलाबाद में बीज लेने के लिए किसानों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। काफी ज्यादा जद्दोजहद के बाद किसानों को बीज उपलब्ध हो पा रहा है। रसूलाबाद कस्बे में स्थित कृषि रक्षा इकाई में किसानों को टोकन के साथ गेहूं के बीच का वितरण हो रहा है। प्रभारी राज नारायण यादव ने बताया कि किसानों को बीज वितरण में किसी भी प्रकार के असुविधा न हो इसके लिए क्रमानुसार टोकन देकर बीज वितरण किया जा रहा है। जिसके लिए अंगूठा लगाने के बाद ही बीज दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दौरान फार्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को प्राथमिकता दी जा रही है। साथी ही कृषि विभाग के जग प्रसाद ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री कराना अति आवश्यक है। यदि जो किसान फार्मर रजिस्ट्री नहीं करा पाएंगे तो उनको खाद बीज सहित तमाम किसानों की योजनाओं से वंचित होना पड़ सकता है।

# कीचड़ से होकर गुजरी शव यात्रा, वीडियो वायरल

» प्रमुख संवाददाता /स्वराज इंडिया



कानपुर। घाटमपुर विकास खंड के ललकीपुरवा ग्राम से एक ऐसी तस्वीर सामने आई जिसने शासन-प्रशासन के विकास के दावों की सच्चाई उजागर कर दी। बुधवार को गांव की टूटी-फूटी सडक़ और जाम नालियों के बीच एक शव यात्रा को गंदे नाले से होकर गुजरना पड़ा। कीचड़ और बदबूदार जल में शव को दो कंधों के सहारे ले जाने का यह दृश्य न केवल हृदय विदारक रहा बल्कि प्रशासनिक संवेदनहीनता का प्रतीक बन गया। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से नालियों की सफाई नहीं हुई है। बरसात बीते महीनों गुजर चुके हैं, लेकिन जलभराव और सड़ांध की स्थिति जस की तस है। चार कंधों की जगह दो कंधों पर शव को दलदलनुमा रास्ते से ले जाया गया। सोशल मीडिया पर इस घटना के वीडियो और तस्वीरें वायरल होते ही प्रशासनिक तंत्र पर सवाल उठने लगे हैं। स्वराज इंडिया वायरल वीडियो व फोटो की पुष्टि नहीं करता है। ग्रामवासी राहुल यादव ने बताया कि पिछले पांच साल से सफाई और जलनिकासी की समस्या बनी हुई है। मच्छरों और बदबू से लोग परेशान हैं, लेकिन ग्राम प्रधान और सचिव मौन हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जब समस्या लेकर प्रधान के पास गए तो उन्होंने मज़ाक उड़ाते हुए कहा नाली में मछली पालन शुरू कर दो। इस मामले पर खंड विकास अधिकारी घाटमपुर ने बताया कि शीघ्र ही निरीक्षण कराकर नालियों की सफाई और मार्ग सुधार का कार्य शुरू किया जाएगा।

# कार्तिक पूर्णिमा पर आस्था का महापर्व





## गंगा तटों पर श्रद्धालुओं का उमड़ा आस्था का सैलाब, दीपों से जगमगाई देव दीपावली

» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो

**कानपुर/वाराणसी/प्रयागराज/हरिद्वार कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को देशभर के पवित्र गंगा तटों पर आस्था का अभूतपूर्व ज्वार उमड़ पड़ा। भोर की पहली किरण के साथ ही श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और अन्य नदियों के तटों पर स्नान, पूजन और दीपदान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। गंगा स्नान पर्व और देव दीपावली के इस अद्भुत संगम ने घाटों को स्वर्गिक आभा से आलोकित कर दिया।**

मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा में स्नान करने से सभी पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।हर-हर गंगे और जय मां गंगे के जयघोष से घाटों का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद तर्पण, दान और दीपदान कर पुण्य अर्जित किया। कानपुर में बिठूर सहित अन्य घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची । प्रयागराज संगम पर लाखों श्रद्धालु

त्रिवेणी संगम पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु परिवार सहित स्नान, पूजन और दान में लीन रहे। प्रशासन ने सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात की विशेष व्यवस्था की थी। अखंड भजन और संतों के प्रवचन से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिकता में डूबा रहा।

### काशी की देव दीपावली का मनमोहक दृश्य

वाराणसी में दशाश्वमेध, अस्सी और पंचगंगा घाट दीपों की रौशनी से जगमगा उठे। शाम होते ही गंगा आरती के साथ हजारों दीपों ने पूरी काशी को स्वर्ग समान दृश्य में बदल दिया। गंगा किनारे जलते दीपों की परछाईं जब लहरों पर झिलमिलाई तो पूरा वातावरण हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा।

देश-विदेश से आए पर्यटक इस अद्भुत नजारे को कैमरे में कैद करते रहे। हरिद्वार के हर की पौड़ी और ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर श्रद्धालु सुबह से ही डुबकी लगाने पहुंचे। गंगा आरती के समय भक्तों की भीड़ से घाट खचाखच भरे रहे। आरती की लौ और श्रद्धा की ज्योति से पूरा वातावरण आलोकित रहा।

### गंगासागर और गढ़मुक्तेश्वर में भी रही भारी भी

बंगाल की खाड़ी स्थित गंगासागर तट और दिल्ली के समीप गढ़मुक्तेश्वर में भी हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर दान-पुण्य किया। स्थानीय प्रशासन ने स्वास्थ्य व सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए थे।

गंगा स्नान पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आस्था, सामाजिक समरसता और भारतीय संस्कृति का जीवंत उत्सव है। घाटों पर चल रहे भजन-कीर्तन, योग शिविर, और सेवा कार्यों ने इस पर्व को लोक-उत्सव का रूप दे दिया। प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं ने घाटों की सफाई एवं व्यवस्था में सराहनीय भूमिका निभाई।

सनातन परंपरा की जीवंत झलक

कार्तिक पूर्णिमा का यह पावन पर्व भारतीय आस्था

और परंपरा की अनंत धारा को एक सूत्र में बांधता है। करोड़ों श्रद्धालुओं की भक्ति से गंगा तट आलोकित हुए और पूरा देश एक बार फिर अध्यात्म, शांति और एकता के भाव में डूब गया।


» हरिद्वार , कानपुर और ऋषिकेश के घाटों में दिखा भक्ति का प्रवाह

## बकाया भुगतान पाने को अयोध्या में पूर्व प्रधान आमरण अनशन पर बैठे

### बीडीओ ने भुगतान का आदेश भी जारी किया फिर भी पैसा नहीं मिला

» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो



अयोध्या। प्रशासन की फाइलों के बोझ तले दबा न्याय और उसी न्याय की लड़ाई सडक़ पर लड़ते पूर्व प्रधान बालगोविन्द तिवारी। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक मुख्यालय पर खुले आसमान के नीचे रात बिताना क्या यही है विकास की असली तस्वीर। ग्राम पंचायत जमुआ में पंचायत भवन बनकर 5 साल हो चुके लेकिन भुगतान सिस्टम के धूल खाते किसी कोने में दफन हो चुका है। बालगोविन्द तिवारी बताते हैं की निर्माण कार्य पूरा कराया, गुणवत्ता जांच में सब सही निकला। बीडीओ ने 28 अक्टूबर को तीन दिन में भुगतान का आदेश भी जारी किया। फिर भी पैसा नहीं मिला! अब अनशन ही आखिरी रास्ता बचा है। अब सवाल यह है कि आखिर 5 साल से भुगतान क्यों अटका? किसके इशारे पर आदेशों का मज़ाक बनाया जा रहा है?अगर गुणवत्ता में कमी नहीं तो दोषी कौन? क्या फाइल चलाने के लिए 'कुछ और' चाहिए था? (जैसा सिस्टम में होता है!)गाँव का विकास रोकना क्या यही है 'ग्राम पंचायत सशक्तिकरण'? कई दौर की तकनीकी जांच गुणवत्ता प्रमाणित कार्य समय पर पूर्ण फिर भी भुगतान गायब यह न सिर्फ अनदेखी, बल्कि तंत्र का खुला भ्रष्टाचार है। यदि पूर्व प्रधान को न्याय नहीं तो आम आदमी का क्या होगा?

## डॉ. बृजेश कुमार सिंह को श्रीआदित्यनाथ गौ सेवा समिति ने किया सम्मानित



» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो

अयोध्या ।परमहंस फार्मेसी कालेज के डायरेक्टर डॉ0 बृजेश कुमार सिंह को श्री आदित्यनाथ गौ सेवा समिति के संरक्षक महंत सन्त दास उर्फ राजेश सिंह मानव ने सर्किट हाउस में एक सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आकाश सोनी, समीर शाही, प्रशांत शुक्ला, सुबोध श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार दूबे, गुलज़ार खान, धर्मेंद्र चौरसिया, सोनू चौधरी,करन प्रजापति, अरविंद यादव, रवि मौर्या, रविकांत आर्य, महेंद्र, नरेंद्र मिश्रा, महेश शंकर, राकेश तिवारी गणेश शुक्ला सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# प्रभु झूलेलाल पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मांगे माफी




प्रभु झूलेलाल पर आपत्तिजनक टिप्पणी से सिंधी समाज में उबाल
छत्तीसगढ़ क्रांति सेना प्रमुख ने की आपत्तिजनक टिप्पणी, 36 घंटे में गिरफ्तारी की मांग

## सिंधी समाज ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

अयोध्या। सिंधी समाज के इष्ट देव प्रभु झूलेलाल पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले छत्तीसगढ़ निवासी जोहर छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल के विरोध में अयोध्या के विभिन्न सामाजिक संगठनों के 21 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम संबोधित है।

प्रतिनिधि मंडल की अगुवाई शिवालय परिवार के महंत गणेश दास ने की। समाज के पदाधिकारियों ने मांग की कि 26 अक्टूबर को की गई अभद्र टिप्पणी के लिए अमित बघेल पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा सिंधी समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी जाए। सिटी मजिस्ट्रेट ने प्रतिनिधियों को ज्ञापन प्रधानमंत्री कार्यालय भेजे जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान समाज के लोगों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि धार्मिक भावनाओं पर आघात करने वाले बयान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किए जाएंगे और आवश्यक कार्रवाई तक आंदोलन जारी रहेगा। ज्ञापन देने वालों में राजकुमार जीवानी, रोशन तोलानी, राजकुमार मोटवानी, महेश आहूजा, ओमप्रकाश ओमी, राकेश तलरेजा आदि रहे।

## अयोध्याः एसआईआर का प्रथम चरण शुरू, नए मतदाता भी बनेंगे

**» 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची होगी प्रकाशित**

**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**



अयोध्या ।जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके तहत 4 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक गणना अवधि निर्धारित है।निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 9 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा। इसके उपरांत 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इसी दौरान 9 दिसम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस जारी करने, सुनवाई, सत्यापन और दावे-आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया संचालित होगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। उक्त जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह द्वारा प्रदान की गई।

## अयोध्या में कार्तिक पूर्णिमा पर सरयू में 50 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य डुबकी

**» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

अयोध्या। कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली के शुभ अवसर पर रामनगरी अयोध्या में आस्था का सागर उमड़ पड़ा। पवित्र सरयू नदी में लाखों श्रद्धालुओं ने स्नान कर पुण्य अर्जित किया। अनुमान है कि 40 से 50 लाख श्रद्धालु आज पवित्र स्नान के लिए अयोध्या पहुंचे हैं।कार्तिक माह के तीन प्रमुख आयोजन 14 कोसी परिक्रमा, पंचकोसी परिक्रमा और कार्तिक पूर्णिमा स्नान, जिले के प्रशासन के लिए लगातार चुनौती बने हुए थे। इनमें आज का आयोजन तीसरी और अंतिम बड़ी परीक्षा माना जा रहा है। कमिश्नर राजेश कुमार, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम निखिल टीकाराम फुंडे और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर पूरी सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए हैं। घाटों पर फिसलन रोकने और भीड़ नियंत्रण के विशेष इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खोया-पाया केंद्र, हेल्प डेस्क और स्वास्थ्य सहायता टीमें सतर्क हैं। पूरा मेला क्षेत्र ड्रोन और सीसीटीवी निगरानी में रखा गया है। मंगलवार शाम से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सरयू तट पर उमड़ने लगी, जिसके चलते रामलला की नगरी अयोध्या भक्ति, दीपों की रोशनी और जय-जय श्रीराम के जयघोष से जगमगा उठी है।



## हृदय की गहराई से सुनना चाहिए श्रीराम कथा

**» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

अयोध्या। भारत महान राम यात्रा, जो मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के पवित्र पदचिन्हों का अनुसरण करते हुए चित्रकूट से लंका और फिर वापस अयोध्या तक की गई। यह 4 नवम्बर 2025 को अयोध्या में अपने दिव्य समापन पर पहुँची। यहां मोरारी बापू ने हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में राम कथा का वाचन किया।

भारत और श्रीलंका की आध्यात्मिक यात्रा पूरी करने के बाद, अयोध्या में हुई इस यात्रा की अंतिम कथा ने सत्य, करुणा और धर्म के गृह आगमन से परिचय कराया। भगवान राम की जन्मभूमि में हुई इस पवित्र कथा में देश-विदेश से आए भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भाग लिया।

इस दिव्य समापन पर मोरारी बापू ने रामकथा को 'सकल लोक-जन पावनी गंगा' कहा गया है, क्योंकि यह उपदेश नहीं देती। यह मन को पवित्र करती है। यह कोई सिद्धांत नहीं, बल्कि आचरण, कोमलता और प्रेम है और इसे सही रूप में समझने के लिए केवल कानों से नहीं, बल्कि मन, समझ और हृदय की गहराई से सुनना चाहिए। भारत और श्री लंका में इस राम यात्रा के दौरान चित्रकूट, नासिक, हंपी, रामेश्वरम और श्रीलंका से वापस अयोध्या तक भगवान राम के दिव्य पथ का अनुसरण करते हुए 8 हजार किलोमीटर से अधिक लंबी दूरी तय की गई है। 11 दिनों तक चली इस पवित्र यात्रा में 400 से अधिक श्रद्धालुओं से हिस्सा लिया, जिसकी शुरुआत भारत गौरव ट्रेन के साथ हुई और चार्टर्ड प्लेन के माध्यम से यह आगे बढ़ी। इस यात्रा का आयोजन बापू के अनुयायी, संतकृपा सनातन संस्थान के मदन पालीवाल द्वारा किया गया।

**अयोध्या में मोरारी बापू के कथावाचन का समापन**



## जो बोले सो निहाल... सत् श्री अकाल!

# गुरु नानक देव जी का निर्देश था- गरीबों को अन्नदान करो

### 356वें प्रकाश उत्सव में शामिल हुए सीएम योगी, कहा- आज भी बांटकर खाने के दर्शन हमें पवित्र गुरुद्वारों में देखने को मिलते हैं




» बोले मुख्यमंत्री- रामनगर में सिखों का धर्मांतरण बेहद चिंता का विषय।

» सिख समाज से की अपील- पता लगाएं ऐसा क्यों हो रहा है।

» कार्यालय संवाददाता, स्वराज इंडिया ब्यूरो।



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में गुरु नानक देव के 356वें प्रकाश उत्सव में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख समाज के लोगों का धर्मांतरण चिंता का विषय है। आज पीलीभीत, खीरी, उधम सिंह नगर, रामनगर से धर्मांतरण की खबरें आ रही हैं। हम सिख समाज से अपील करते हैं कि वहां जाएं और पता लगाएं कि क्या वजह रही। उन्हें गुरु का संदेश बताएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज को उस समय एकजुट करने का काम किया जब बाबर जैसे आतंकी की बर्बरता देश झेल रहा था। बहन, बेटियों की सुरक्षा खतरे में थी। गुरु नानक देव जी ने बिना किसी भय, बिना किसी दबाव के समाज को एकजुट करने का काम किया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने एक बार काबा की ओर पैर करके लेटे हुए थे, किसी ने उनसे पूछा कि काबा की ओर क्यों पैर करके लेटे हुए हैं, गुरु नानक देव जी ने कहा कि आप ही बता दीजिए कि जिधर ईश्वर ना हो उधर मै पैर कर लूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे थे गुरु नानक देव जी, जिन्होंने समाज को एकजुट करने के लिए उस समय कालखंड में किसी की परवाह किए बगैर अपने काम को अंजाम दिया। उनका त्याग समर्पण का देश सदैव याद किया जाता रहेगा।

इस दौरान सोशल मीडिया पर सीएम योगी ने एक्स पोस्ट में लिखा जो बोले सो निहाल! सत् श्री अकाल! श्री गुरु नानक देव जी महाराज ने आज से 500 वर्ष पूर्व समाज के संगठन के लिए, मूल्यों और आदर्शों की स्थापना के लिए जो दिव्य संदेश दिया, वह आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत है। उसी की नींव पर आज भारत की सामाजिक और नैतिक व्यवस्था दृढ़तापूर्वक खड़ी है।



# गोण्डा में पुलिस अभिरक्षा में लाते हुए बंदी की मौत

### मृतक के परिजनों ने लगाई न्याय की गुहार

» आरपी सिंह, स्वराज इंडिया ब्यूरो।

गोण्डा। पूर्वोत्तर रेलवे के गोण्डा जंक्शन पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल की अभिरक्षा में एक बंदी की बुधवार को तबियत बिगड़ जाने के कारण मृत्यु हो गयी। आरपीएफ के पोस्ट कमांडर अनिरुद्ध राय ने यूनीवार्ता को बताया कि जिले के मोतीगंज थानाक्षेत्र के किनकी गांव के रहने वाले संजय कुमार सोनकर (33) को रेल संपत्ति चोरी के मामले में दबिश देकर आरपीएफ टीम थाना लेकर आ रही थी कि अचानक रास्ते में उसकी तबियत बिगड़ गयी।

उन्होंने बताया कि जवानों ने तत्काल थाना लाने के बजाय बंदी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान संजय ने दम तोड़ दिया। मृत्यु का कारण जानने के लिये बंदी के परिजनों को सूचित कर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।



## सीतापुर जेल में दुष्कर्म कैदी की मौत, लापरवाही का आरोप

सीतापुर, स्वराज इंडिया ब्यूरो। दुष्कर्म के एक मामले मे जिला कारागार में निरुध दुष्कर्म के कैदी की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जेल प्रशासन ने मौत का कारण पुरानी बीमारी बताया है। वहीं मृतक की मां का कहना है कि उनका बेटा बिल्कुल स्वस्थ था, उसकी मौत संदिग्ध है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

मामला कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के मोहल्ला आनंद नगर निवासी विनोद कुमार (57) का है। विनोद कुमार को दुष्कर्म के एक मामले में सात साल की सजा हुई थी और वह लगभग एक साल से जिला कारागार में बंद था। जेल प्रशासन का कहना है कि कैदी विनोद कुमार को सांस की पुरानी बीमारी थी। सोमवार देर रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई।

पहले जेल अस्पताल में उपचार किया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# सस्पेंड सीओ के बेटे की शादी में शामिल हुए थे कई अफसर-नेता

### विधायक, सांसद और एक पार्टी के करीब 18 जिलाध्यक्ष थे मौजूद

» कार्यालय संवाददाता, स्वराज इंडिया ब्यूरो।

कानपुर। यूपी के कानपुर में वकील अखिलेश दुबे के मददगार रहे पुलिस के चर्चित अधिकारी रहे निलंबित सीओ ऋषिकांत शुक्ला एक बार फिर सुर्खियों में हैं। सीओ अब खुद गंभीर सवालों के घेरे में हैं। वजह आय से कई गुना अधिक संपत्ति और एक ऐसी शाही शादी, जिसने पूरे पुलिस महकमे से लेकर सियासी गलियारों तक हलचल मचा दी है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मामला मार्च महीने का है, जब डीएसपी शुक्ला के बेटे की शादी कानपुर के चर्चित इटरनिटी रिसॉर्ट में हुई थी। बताया जाता है कि इस रिसॉर्ट की कीमत करीब 200 से 250 करोड़ रुपये के बीच है। इसी भव्य स्थल पर समारोह में जिले व आसपास के क्षेत्रों के कई बड़े राजनेता, विधायक, सांसद के अलावा एक पार्टी के करीब 18 जिलाध्यक्ष शामिल हुए थे। अफसरों की मौजूदगी भी चर्चित रही। बताया जा रहा है कि अधिकारी भी इस शादी में मौजूद थे।

ऋषिकांत शुक्ला ने पुलिस सेवा में 28 वर्ष तक काम किया। उन्होंने 8 साल बतौर दारोगा, 3 साल इंस्पेक्टर, और करीब 17 साल डीएसपी के रूप में सेवा दी। इस अवधि में उनकी तैनाती ऐसे जिलों में रही, जहां जमीन और बिल्डिंग कारोबार तेजी से बढ़ रहा था। जांच एजेंसियों के मुताबिक, इन्हीं वर्षों में शुक्ला ने अपनी और परिवार के नाम पर एक बड़ी संपत्ति का साम्राज्य खड़ा कर लिया। विजिलेंस एसआईटी की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि शुक्ला और उनके परिवार के नाम पर लगभग 100 करोड़ रुपये की संपत्ति दर्ज की गई है।

जेल में बंद चर्चित वकील अखिलेश दुबे के मददगारों में निलंबित सीओ ऋषिकांत शुक्ला अकेले नहीं हैं। अखिलेश से यारी में कई पुलिसकर्मी निलंबित हो चुके हैं। इंस्पेक्टर रैंक के एक पुलिसकर्मी पर तो बर्खास्तगी की तलवार लटक रही है। इंस्पेक्टर रहे सभाजीत मिश्रा जेल में है। इस मामले में 10 पुलिसकर्मियों की सीधी जांच चल रही है, जबकि कई और पुलिसकर्मियों के शामिल होने की आशंका है। ऋषिकांत पर कार्रवाई के बाद अखिलेश से जुड़े पुलिसकर्मियों और अफसरों की धड़कनें बढ़ गई हैं। इनके खिलाफ भी कार्रवाई बढ़ी तो मुश्किलें खड़ी होना तय है।